**उच्च प्राथमिकता / समयबद्ध**

पत्रांक- 684 /के0च0प0

**अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,**

05, हार्डिंग रोड, नजदीक सप्तमूर्ति (शहीद स्मारक), पटना-800001

प्रेषक,

**अध्यक्ष,**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी,**

बिहार ।

पटना, दिनांक-**02.08.2023**

**विषय :-** **केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2023 के अन्तर्गत बिहार पुलिस संगठन में 'सिपाही' के रिक्त 21,391 पदों पर चयन हेतु अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 24.09.2023 (रविवार), 01.10.2023 (रविवार), 07.10.2023 (शनिवार) एवं 15.10.2023 (रविवार) को दो-दो पालियों में आयोजित कराने एवं परीक्षा केन्द्र उपलब्ध कराने के संबंध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2023 के अन्तर्गत बिहार पुलिस संगठन में 'सिपाही' के रिक्त 21,391 पदों पर चयन के लिए उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी, तदोपरान्त उनका शारीरिक दक्षता/जाँच परीक्षण कराया जाएगा। लिखित परीक्षा हेतु संबंधित जिलाधिकारी अपने जिला के लिए परीक्षा संयोजक (Exam co-ordinator) मनोनीत किये जाते हैं।

(2) इस संबंध में लिखित परीक्षा राज्य के सभी जिलो में आयोजित कराये जाने की तिथि **24.09.2023 (रविवार), 01.10.2023 (रविवार), 07.10.2023 (शनिवार) एवं 15.10.2023 (रविवार) को दो पालियों में** प्रस्तावित है। आपके जिला अन्तर्गत आयोजित की जानेवाली लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की अनुमानित संख्या संलग्न सूची अनुलग्नक-'क' में दर्शायी गई है। इनकी परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया जाना है।

परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, कदाचार रहित परीक्षा संचालन की प्रक्रिया का सबसे पहला एवं महत्वपूर्ण चरण है। सभी परीक्षा केन्द्र यथा संभव जिला मुख्यालय के नगरीय क्षेत्रों में ही बनाए जाएँ। परीक्षा केन्द्रों के रूप में राजकीय के साथ-साथ गैर-सरकारी/ निजी विद्यालयों/ महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों को भी रखा जा सकता है।

**वैसे विद्यालय / महाविद्यालय जो पूर्व में परीक्षा केन्द्र के रूप में विवादास्पद रहे हैं उन्हें परीक्षा केन्द्रों के रूप में चयनित नहीं किया जाय।** परीक्षा केन्द्र के रूप में जिन विद्यालय/ महाविद्यालयों का चयन किया जा रहा है उनके बारे में आश्वस्त हो लिया जाय कि वहाँ कदाचार रहित परीक्षा पूर्णतः सुरक्षित वातावरण में ली जा सकती है तथा परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये पर्याप्त आधारभूत संरचना उपलब्ध है। **यदि अच्छे महाविद्यालय उपलब्ध हैं जहाँ कदाचार मुक्त वातावरण में अच्छी तरह परीक्षा ली जा सकती है, तो अन्य विद्यालयों की अपेक्षा उन्हें प्राथमिकता दी जाये।**

(3) कृपया प्रत्येक प्रस्तावित परीक्षा केन्द्र के लिए योग्य केन्द्राधीक्षक की नियुक्ति भी कर दी जाय। केन्द्राधीक्षक/वीक्षक की नियुक्ति के पूर्व यह सुनिश्चित हो लेना आवश्यक है कि **केन्द्राधीक्षक/वीक्षक का कोई वार्ड/संबंधी उन्हीं के परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी न हो,** साथ ही वे योग्य एवं स्वच्छ छवि के हों तथा उनके विरूद्ध परीक्षा संबंधी अथवा अन्य किसी तरह के कदाचार का मामला लंबित न हो। प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षक का नाम, पदनाम, पता, बैंक का नाम एवं एकाउन्ट नम्बर, बैंक का आई0एफ0एस0सी0 कोड, मोबाइल/दूरभाष संख्या स्पष्ट रूप से अंकित की जाय। पर्षद परीक्षा केन्द्रों को खर्च राशि CFMS के माध्यम से प्रत्येक जिला पदाधिकारी के Pay ID पर भेजेगी। जिला पदाधिकारी प्रत्येक केन्द्राधीक्षकों को उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक खाता में ससमय वांछित राशि हस्तान्तरित करना कृपया सुनिश्चित करेंगे।

(4) चयनित परीक्षा केन्द्रों के नाम सहित उपलब्ध कमरों की संख्या जिनमें कम–से–कम 24 अभ्यर्थियों की बैठने की क्षमता हो तथा उनमें सुविधानुसार बैठने लायक परीक्षार्थियों की कुल अनुमानित संख्या के दृष्टिगत एवं अन्य सूचनाएँ निम्नांकित विहित प्रपत्र में कृपया भेजी जाए :–

**परीक्षा केन्द्र एवं केन्द्राधीक्षकों को मानदेय की राशि हेतु प्रपत्र**

| Sl. No | Name & Address of Centre (School/College) | Total Seating Capacity | Name and Details of Centre Supdt. | Telephone/ Mobile No. of C.S. | Acctt. Number | Bank Name | IFSC Code |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |

(5) विदित हो कि लिखित परीक्षा संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन के स्तर से प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भी मानदेय की राशि पर्षद द्वारा दी जाती है। यह राशि भी पर्षद प्रत्येक जिला पदाधिकारी के Pay ID पर भेजेगी।

(6) परीक्षा केन्द्रों की सूचना प्राप्त होने के उपरान्त ही प्रवेश–पत्रों के मुद्रण की कार्रवाई प्रारम्भ की जा सकेगी और तदनुसार इसके बाद की अन्य कार्रवाई हो सकेगी। फलतः परीक्षा की **24.09.2023 (रविवार), 01.10.2023 (रविवार), 07.10.2023 (शनिवार) एवं 15.10.2023 (रविवार)** को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केन्द्रों के संबंध में उपरोक्त सूचनाएँ **दिनांक 15.08.2023** तक निश्चित रूप से इस कार्यालय

को **E-mail-** csbc.bih.2022@gmail.com पर भेजने का कष्ट किया जाय ताकि निर्धारित तिथि को लिखित परीक्षा ली जा सके।

परीक्षा की प्रस्तावित **तिथियाँ 24.09.2023 (रविवार), 01.10.2023 (रविवार), 07.10.2023 (शनिवार) एवं 15.10.2023 (रविवार)** को आरक्षित करते हुये अपने स्तर से सर्वसंबंधित को सूचित करने का कष्ट किया जाय।

विश्वासभाजन,

2/8/23

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना

**प्रतिलिपि :-**

1. **अपर मुख्य सचिव**, गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।
2. **पुलिस महानिदेशक**, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।
3. **सभी प्रमंडलीय आयुक्त**, बिहार को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
4. **सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उप-महानिरीक्षक, बिहार** को कृपया सू0 एवं आवश्यक क्रियार्थ।
5. **सभी वरीय पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक, बिहार** को इस अनुरोध के साथ कि वे परीक्षा संबंधी विशेष कार्यो के समन्वय, चयन पर्षद से आवश्यकतानुसार संपर्क स्थापित करने अथवा चयन पर्षद के निदेशों के अनुपालनार्थ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए एक सुयोग्य **पुलिस उपाधीक्षक को पर्षद के संपर्क पदाधिकारी के रूप में नामित करते हुये उनका नाम, पदनाम, दूरभाष एवं मोबाइल नम्बर की सूचना उक्त इ-मेल पर अविलम्ब भेजना सुनिश्चित करेंगे।**
6. **सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी**, बिहार को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।

2/8/23

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

बिहार, पटना ।

(अनुलग्नक–क)

**Proposed Sitting Capacity of Candidates of Advt. No. 01/2023 for the Post of Constable in Bihar Police, date proposed of Examination-24.09.2023, 01.10.2023, 07.10.2023 & 15.10.2023**

| क्र0सं0 | जिला का नाम | पालीवार वांछित सीट |
|---|---|---|
| 1 | पटना | 35,000 |
| 2 | नालन्दा | 20,000 |
| 3 | गया | 25,000 |
| 4 | जहानाबाद | 7,000 |
| 5 | अरवल | 5,100 |
| 6 | औरंगाबाद | 12,000 |
| 7 | नवादा | 10,000 |
| 8 | भोजपुर | 25,500 |
| 9 | बक्सर | 18,000 |
| 10 | रोहतास | 20,000 |
| 11 | कैमूर (भभुआ) | 15,500 |
| 12 | मुजफ्फरपुर | 15,000 |
| 13 | वैशाली | 12,000 |
| 14 | सीतामढ़ी | 5,000 |
| 15 | शिवहर | 5,000 |
| 16 | मोतिहारी | 15,000 |
| 17 | बेतिया | 15,000 |
| 18 | सिवान | 15,000 |
| 19 | सारण (छपरा) | 25,000 |
| 20 | गोपालगंज | 7,000 |
| 21 | दरभंगा | 20,000 |
| 22 | मधुबनी | 10,500 |
| 23 | समस्तीपुर | 12,000 |
| 24 | सहरसा | 8,000 |
| 25 | मधेपुरा | 8,000 |
| 26 | सुपौल | 8,000 |
| 27 | पुर्णियाँ | 8,500 |
| 28 | अररिया | 8,000 |
| 29 | किशनगंज | 5,000 |
| 30 | कटिहार | 10,000 |
| 31 | भागलपुर | 25,000 |
| 32 | बांका | 10,000 |
| 33 | मुंगेर | 10,000 |
| 34 | शेखपुरा | 5,000 |
| 35 | लखीसराय | 6,000 |
| 36 | जमुई | 7,000 |
| 37 | खगड़िया | 8,000 |
| 38 | बेगूसराय | 10,500 |
| | योग : | **4,86,600** |